# गरुड़-VII

भारतीय वायु सेना (IAF) और फ्राँसीसी वायु तथा अंतरिक्ष बल (FASF) जोधपुर वायु सेना स्टेशन पर 'गरुड़ VII' नामक एक द्विपक्षीय अभ्यास में भाग ले रहे हैं।

- भारत चौथी बार इसकी मेज़बानी कर रहा है।

## गरुड़-VII:

- **परिचय:**
  - गरुड़ VII भारत और फ्राँस के बीच द्विपक्षीय अभ्यास का सातवाँ संस्करण है, जो दो वर्ष के अंतराल पर हो रहा है।
    - पहला, तीसरा और पाँचवाँ संस्करण भारत में क्रमशः वर्ष 2003, 2006 और 2014 में वायु सेना स्टेशनों **ग्वालियर, कलाईकुंडा** और **जोधपुर** में आयोजित किये गए थे।
  - इस अभ्यास में FASF चार राफेल लड़ाकू विमान **A-330 मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट (MRTT) विमान और 220 कर्मियों** की एक टुकड़ी के साथ भाग लेगा।
  - IAF **Su-30 MKI**, राफेल, **लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA)** तेजस और जगुआर फाइटर एयरक्राफ्ट के साथ-साथ लाइट **कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH)** एवं **Mi-17 हेलीकॉप्टर इसमें** भाग ले रहा है।
  - IAF के दल में लड़ाकू विमान में ईंधन भरने वाले विमान, **एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (AWACS)** और एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (AEW&C) जैसी लड़ाकू विमान भी शामिल होंगी।
- **महत्त्व:**
  - यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करते हुए **परिचालन क्षमता और अंतःक्रियाशीलता बढ़ाने के लिये** एक मंच प्रदान करेगा।
  - इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना और FASF की भागीदारी से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के अलावा पेशेवर बातचीत, अनुभवों के आदान-प्रदान और परिचालन ज्ञान में वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

## अन्य रक्षा अभ्यास:

- **वरुण - नौसेना अभ्यास**
- **डेज़र्ट नाइट-21 - वायु अभ्यास**
- **शक्ति - सैन्य अभ्यास**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/garuda-vii